कमर्जी पुलिस ने नशीले कफ सिरप तस्करी गिरोह का किया पर्दाफाश

विंध्य क्षेत्र में सक्रिय था अवैध नशीले कफ सिरप का गिरोह, 11 लाख 88 हजार 918 रुपए का मशरूका जब्त

नवभारत न्यूज

सीधी 19 मई। कमर्जी पुलिस ने नशीले कफ सिरप गिरोह का पर्दाफास किया है। यह गिरोह विंध्य क्षेत्र में अवैध नशीली सिरप की तस्करी में लिप्त था। पुलिस ने 11 लाख 88 हजार 918 रुपये का मशरूका जप्त किया।

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 अंतर्गत नशे के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत डीआईजी रीवा क्षेत्र हेमंत चौहान के मार्गदर्शन, एसपी सीधी संतोष कोरी के निर्देशन तथा एएसपी अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के नेतृत्व में थाना कमर्जी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए विंध्य क्षेत्र में सक्रिय नशीले कफ सिरप तस्करी गिरोह का खुलासा किया गया। कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में अवैध आनरेक्स कफ सिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 1188918 रुपये का मशरूका जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार 18 मई 2026 को थाना कमर्जी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बरिगवां क्षेत्र में जुर्म-जरायम पतासाजी एवं अवैध मादक पदार्थ संबंधी सूचना की तस्दीक की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडडी 2859 जिसमें जय बाबा नीम करौरी महाराज, माता-पिता का आशीर्वाद लिखा हुआ है में भारी मात्रा में अवैध नशीला कफ सिरप लोड कर सीधी की ओर ले जाया जा रहा है। साथ ही एक सफेद रंग की टाटा कर्व वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडएफ 7457 भी संदिग्ध रूप से साथ चल रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पंचगणों की उपस्थिति में मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार कर अमल्लकपुर-कोलघाट मार्ग पर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान कोलघाट रोड स्थित पहाड़ी क्षेत्र में संदिग्ध बोलेरो वाहन लावारिस अवस्था में खड़ा मिला। वाहन की तलाशी वीडियोग्राफी एवं पंचगणों की उपस्थिति में ली गई, जिसमें कुल 5 सफेद बोरियों में रखे कार्टूनों से 912 शीशी आनरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया। प्रत्येक शीशी 100 एमएल की थी जिसमें कोडीन फास्फेट पाया गया। मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 183768 रुपये तथा परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। वाहन से आरोपी प्रीतम पटेल उर्फ सनी निवासी चिलरी खुर्द थाना कमर्जी के दस्तावेज, बैंक कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस एवं नगदी राशि 5150 रुपये भी बरामद किए गए।

अवैध मादक पदार्थ के कारोबार का खुलासा

विवेचना एवं मुखबिर सूचना से यह तथ्य सामने आया कि आरोपी प्रीतम पटेल उर्फ सनी एवं अनिल पटेल उर्फ डीजे वाला निवासी दादर पोस्ट लकोड़ा थाना कमर्जी, रीवा क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ लाकर विंध्य क्षेत्र में तस्करी करते थे। दोनों आरोपी अवैध ड्रग कारोबार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, मादक पदार्थों की तस्करी करने एवं अपराधियों को संरक्षण देने में संलिप्त पाए गए हैं। टनल मोहनिया के सीसीटीवी फुटेज से भी आरोपियों की गतिविधियों की पुष्टि हुई है। पुलिस दबिश की आशंका पर आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों की तलाश हेतु संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है तथा अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर विश्लेषण किया जा रहा है।

अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू

आरोपीगण के विरुद्ध थाना कमर्जी में धारा 8, 21, 22, 27-ए एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमर्जी उप निरीक्षक इन्द्राज सिंह, प्रधान आरक्षक अभय वर्मा, आरक्षक मुकेश रावत, दीपक सिंह, शिवम पाण्डेय एवं सोनू यादव का सराहनीय योगदान रहा।

गोदामों में सड़ा गेहूं, किसानों का अपमान, गरीबों के साथ क्रूर मजाक : अजय

पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने व्यक्त किया आक्रोश

नवभारत न्यूज

सीधी 19 मई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने प्रदेश के सरकारी गोदामों में 1 लाख 32 हजार क्विंटल से अधिक गेंहू सड़ जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह कृत्य सरकारी तंत्र की आपराधिक लापरवाही और किसानों की मेहनत का घोर अपमान है। साथ ही गरीब जनता के साथ एक क्रूर मजाक है।

अजय सिंह ने कहा कि हमारा अन्नदाता दिन-रात खून-पसीना बहाकर अन्न पैदा करता है। लगातार कर्ज के बोझ से हलाकान रहकर, खाद-बीज की किल्लत झेलकर और मौसम की मार सहकर अनाज उपजाता है। बिचौलियों की लूट और सरकारी सिस्टम की कड़वी कशमकश को पार करके जब उसकी उपज सरकारी गोदामों तक पहुंचती है तो वहां जिम्मेदार अमले की लापरवाही के कारण उसे सड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है। वर्ष 2017 से 2024 के बीच खरीदा गया यह गेंहू जबलपुर, उज्जैन, भोपाल और सागर संभाग के गोदामों में बर्बाद हो गया, जो यह साबित करता है कि सरकार अनाज के सुरक्षित भंडारण को लेकर कितनी लापरवाह है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो अनाज प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों का पेट भर सकता था, वह अब इंसानों के खाने लायक नहीं बचा। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अब इस गेंहू का उपयोग शराब बनाने, खाद बनाने तथा पशु आहार के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है कि जिस देश और प्रदेश की एक बड़ी आबादी आज भी कुपोषण और भुखमरी से जूझ रही है वहां गरीबों के हक का अनाज अफसरों की नाकामी के कारण शराब फैक्ट्रियों को औने-पौने दामों पर नीलाम किया जाएगा।

अजय सिंह ने नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक के उस बयान की भी निंदा की जिसमें उन्होंने इसे एक नियमित प्रक्रिया और लापरवाही पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कहकर टालने की कोशिश की है। उन्होंने पूछा कि आखिर सात-सात सालों तक इस अनाज की निकासी क्यों नहीं की गई? ओपन कैप में अनाज को सड़ने के लिए किसने छोड़ा? पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अद्वक्तसरों पर आपराधिक लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया जाए।

इसके साथ ही भविष्य में अनाज की ऐसी बर्बादी रोकने के लिए भंडारण और समय पर निकासी की व्यवस्था को पूरी तरह सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाए।

एक नजर में

सरदार पटेल उमावि के छात्र का हुआ सम्मान

निवास। जयप्रकाश सेवा संस्थान संस्थान के अंतर्गत संचालित जयप्रकाश वेंचर्स आवासी परिसर में स्थित सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निगरी के छात्र राम रोशन विश्वकर्मा पिता राजेश कुमार कक्षा 11वीं में प्रतियोगिता योजना शिक्षा एवं अनुसंधान बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में भाग लिया एवं जिला स्तर सिंगरौली प्रमाणित होने पर विगत 12 मई को कलेक्टर सभागार रीवा में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यालयों को प्रेषित करती रहेगी। विद्यालय प्राचार्य प्रदीप चतुर्वेदी ने छात्र के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना की।

जूरी, गांधीग्राम, ममदर व पड़रिया में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 23 को

सीधी। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 23 मई 2026 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 23 मई को शाम 4 बजे से 7 बजे तक जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की चयनित ग्राम पंचायतों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इनमें धौहनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत जूरी (कुसमी), सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गांधीग्राम, चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत ममदर तथा सिहावल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया शामिल हैं। इन विशेष शिविरों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक उपचार संबंधी मार्गदर्शन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग तथा आयुष विभाग की संयुक्त भागीदारी रहेगी, जिससे नागरिकों को समेकित एवं प्रभावी सेवाएं मिल सकें। शिविरों के सुचारु संचालन के लिए संबंधित क्षेत्रों के सीडीपीओ एवं बीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्देशानुसार शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य उपलब्ध शासकीय परिसरों में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर आमजन को सूचना दी जाएगी।

सेमरिया ब्लॉक के विभिन्न सेक्टरों की संगठनात्मक बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सेमरिया 19 मई। विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक सेमरिया अंतर्गत समस्त सेक्टर चूल्ही, झगरहा, बढ़ौरा, कुबरी, ओबरहा, बम्हनी, ऐंठी, गाड़ाखोह, चौफाल पवाई, सुकवारी, तेंदुआ, बंजारी, नौगंवा धीरसिंह एवं अमरवाह सेक्टर की महत्वपूर्ण बैठक आज सीधी विधानसभा प्रभारी डॉ.विनोद शर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने की, जबकि आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान पंचायत कमेटियों के सदस्यों का विस्तृत सत्यापन किया गया तथा संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक एकजुटता को सुदृढ़ करने तथा कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना ही कांग्रेस की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह बैठक संगठन की मजबूती एवं आगामी रणनीति तय करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

जल गंगा संवर्धन अभियान में हुआ श्रमदान कार्य

नवभारत न्यूज

रामपुर नैकिन 19 मई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज 19 मई को विशेष श्रमदान कार्य किया गया।

जल ही जीवन है के तहत लोगो का कारवां बढ़ा हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अपील पर संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर के निर्देशन में विकासखण्ड समन्वयक अनिल पाठक मार्गदर्शन में आज महाअभियान पर्व में प्रमुख रूप से सक्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन सीईओ राजीव तिवारी, मनोज निगम के साथ रोजगार सहायक राजकुमार, समाजसेवी शंकर सोनी, परामर्शदाता रामनिवास सोनी, रानू मिश्रा, ग्रामीण जन एवं मातृ शक्तियों ने महत्वपूर्ण योगदान कर श्रमदान कार्य किया। विशेष अभियान में जन अभियान परिषद से संबंधित जन जीवन सेवा समिति रामपुर नैकिन के सुभाष मिश्रा, संतोष जी ने सहभागिता कर आम जनमानस से अपील किया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अपील पर आगामी 30 जून तक श्रमदान कार्यक्रम किया जाना है।

पंकज सिंह बने प्रदेश महामंत्री, जताया आभार

नवभारत न्यूज

सीधी 19 मई। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ.संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह परिहार द्वारा तेंदूपत्ता लघु वनोपज प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

अनुमोदन उपरांत तेंदूपत्ता लघु वनोपज प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष, महासचिव एवं सचिव की नियुक्ति की घोषणा कर दी गई है। उक्त नियुक्ति में सीधी जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं लघु वनोपज संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह चौहान डैनिहा को प्रदेश महामंत्री पद से नवाजा गया है। बता दें कि पंकज सिंह चौहान लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। तेंदूपत्ता लघु वनोपज प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर पंकज सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, संगठन प्रभारी डॉ.संजय कामले एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह परिहार सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं श्री सिंह के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर जिले के कांग्रेस नेताओं सहित उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

बच्चों को सुरक्षित व अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता : जेपी

नवभारत न्यूज

सीधी 19 मई। छात्रावासों में बच्चों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास रीवा संभाग जे.पी. यादव ने विभागीय एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के अधीक्षकों की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी छात्रावास अधीक्षक पूर्ण समय मुख्यालय पर उपस्थित रहकर छात्रावासों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में बच्चों के आवासीय कमरों में पर्याप्त रोशनी, शुद्ध पेयजल तथा शौंचालय एवं बाथरूम में रनिंग वाटर सप्लाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में बच्चों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू हालत में रहें तथा बच्चों को उनके पालकों या सगे भाई-बहनों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के साथ न भेजा जाए। छात्रावास से बच्चों को लाने-ले जाने वाले व्यक्तियों का पूरा रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश भी दिए गए। आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 को देखते हुए संभागीय उपायुक्त ने छात्रावासों की शत-प्रतिशत सीटें भरने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने और बच्चों व उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामग्री खरीदी में भंडार क्रय नियमों का पालन करते हुए गुणवत्तायुक्त सामग्री क्रय करने पर भी जोर दिया। बैठक के पश्चात संभागीय उपायुक्त ने कलेक्टर विकास मिश्रा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में जनजातीय विभाग की प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

कुसमी में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, गूंजी महंगाई और जनसमस्याओं की आवाज

नवभारत न्यूज

कुसमी 19 मई। कुसमी मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी की वृहद कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक भर से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

कुसमी के मुख्य चौराहे पर आयोजित इस बैठक में कांग्रेसियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए संगठन की मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यालय कुसमी का उद्घाटन भी किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बैठक में बढ़ती महंगाई, घरेलू गैस सिलेण्डर की कमी, आम जनता की परेशानियों तथा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी गंभीर समस्या बनी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने इन मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता लगातार परेशानियों का सामना कर रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और सरकार ध्यान नहीं दे रहे हैं। कार्यक्रम में पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ाने तथा गांव-गांव तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों तक आवाज पहुंचाने की बात कही गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पार्टी जनता के हित में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर अशोक सिंह पैगाम, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, कमलेश सिंह, पूर्व विधायक पंजाब सिंह, शेषमणि पनिका, तिलकराज सिंह, सावित्री पनिका, रणमत सिंह, सिद्ध नारायण साहू, नंदलाल सिंह, भास्कर साहू, मिठाई लाल बंसल, राकेश साकेत, भोला पनिका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच संवाद का है महत्वपूर्ण माध्यम : विकास

जिला स्तरीय जनसुनवाई में 457 आवेदनों पर सुनवाई, कलेक्टर ने तय की जवाबदेही

नवभारत न्यूज

सीधी 19 मई। आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 457 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है इसलिए प्रत्येक आवेदन को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का तत्काल निराकरण संभव नहीं है, उनके लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आवेदनों के निराकरण की प्रगति पर नियमित निगरानी रखें और प्रतिदिन अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। विशेष रूप से सीमांकन से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को ऐसे मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि नागरिकों को वास्तविक राहत पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता को समझते हुए समय-सीमा में संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हो।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और सीईओ जनपद पंचायत वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े रहे, जिससे विभिन्न स्तरों पर प्राप्त शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

साइकिल से जन सुनवाई में पहुंचे कलेक्टर

लोगों को आज कलेक्ट्रेट से लेकर जिला पंचायत तक सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा का नया अंदाज देखने को मिला। कलेक्टर साइकिल को चलाते हुए कलेक्ट्रेट से जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और वहां जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। आमतौर पर प्रशासनिक अधिकारी सरकारी गाड़ियों के काफिले के साथ आते हैं लेकिन सीधी कलेक्टर का यह कदम सादगी और जनहित के प्रति उनकी संवेदनशील सोच को दर्शाता है। कलेक्टर के अचानक साइकिल चलाते हुए जिला पंचायत कार्यालय परिसर में दाखिल होते ही वहां मौजूद लोग भी हैरान रह गए। अधिकारी हो या कर्मचारी, आम नागरिक हो या जन प्रतिनिधि सबके लिए यह दृश्य चर्चा का विषय बन गया। किसी ने मोबाइल में कलेक्टर को साइकल चलाते हुए वीडियो बनाया तो किसी ने फोटो लेकर इस दृश्य को सोशल मीडिया पर साझा किया। देखते ही देखते यह खबर पूरे जिले में फैल गई।